vk;Dr dk;ky;] iVuk çeMy] iVukA
Jh Ñ".k Lekjd fodkl lfefrA

n'kgjk egkRlo&2017 d nkjku vk;kftr lkLÑfrd dk;Øe d fy, Artist/Celebrity Manager d p;u gr Expression of Interest (EOI) ¼vfHk: fp dh vfHkO;fDr½ dk iu% vke=.k

श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति के तत्वाधान में गाँधी मैदान, पटना के परिसर में ''दशहरा महोत्सव–2017'' दिनांक 21.09.2017 से 29.09.2017 तक आयोजित करने हेतु मशहूर राष्ट्रीय स्तर के गायक–गायिकाओं एवं हास्य कलाकार, कव्वाली, Celebrity performance के लिए संबंधित कलाकारों से सम्पर्क कर उनके कार्यक्रम की प्रस्तुति हेतु आमंत्रण सूचना का प्रकाशन किया गया था। अपरिहार्य कारणों से पुनः इस संबंध में Artist/Celebrity Manager के चयन हेतु आमंत्रण सूचना आमंत्रित की जाती है। वैसी संस्था/व्यक्ति जो मशहूर राष्ट्रीय स्तर के गायक–गायिकाओं एवं हास्य कलाकार, कव्वाली, Celebrity performance के लिए संबंधित कलाकारों से सम्पर्क कर उनके कार्यक्रम की प्रस्तुति गाँधी मैदान में आयोजित होने वाले दशहरा महोत्सव में करा सकते हैं, वे इस प्रकार के कलाकारों के कार्यक्रम हेतु संबंधित कलाकारों/Celebrity performer का नाम एवं उसके लिए याचित राशि (कलाकारों का मानदेय, आवागमन, खान–पान एवं रहने की व्यवस्था सहित) के साथ अपना प्रस्ताव सीलबंद लिफाफे में दिनांक 18.08.2017 को अपराह्न 01.00 बजे तक द्वितीय तल, श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति, आयुक्त कार्यालय, पटना प्रमण्डल, पटना में जमा कर सकते हैं।

2. जो भी संस्था/व्यक्ति पूर्व में माह जुलाई, 2017 में इस संबंध में प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में अपना प्रस्ताव कार्यालय में समर्पित कर चुके हैं तथा जिनके प्रस्ताव में कोई कमी नहीं पायी गयी है, उनका प्रस्ताव मान्य होगा तथा उन्हें पुनः प्रस्ताव देने की आवश्यकता नहीं है। किन्तु यदि वे अपने प्रस्ताव में किसी प्रकार का संशोधन करना चाहते हैं अथवा नये कलाकारों की सूची (दर सहित) देना चाहते हैं तो वे अलग से प्रस्ताव दे सकते हैं। इसके लिए ऐसी संस्था/व्यक्ति के द्वारा पूर्व में अग्रधन के रुप में 10,000/– रु0 का बैंक ड्राफ्ट/चेक जमा किया गया है, उन्हें अपने नये/संशोधित प्रस्ताव के साथ अग्रधन के रूप में 10,000/– रू0 का बैंक ड्राफ्ट/चेक संलग्न करने की आवश्यकता नहीं है। विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी से अथवा समिति कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

3. इस संबंध में यह भी सूचित किया जाता है कि इन कार्यक्रमों के लिए स्टेज, साउण्ड, लाईट इत्यादि की व्यवस्था श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति के द्वारा कराया जायेगा किन्तु इसके अलावा बैंड, सहयोगी कलाकार, Musical Instruments इत्यादि की व्यवस्था संस्था द्वारा की जायेगी।

4. प्राप्त प्रस्तावों में अंकित कलाकारों/Celebrity performers के अलावा भी अन्य कलाकारों/Celebrity performers का चयन समिति द्वारा पारस्परिक सहमति से mutually aggreable दर पर किया जा सकता है।

5. इसके लिए ऐसी संस्थाओं को इस प्रकार के कार्यक्रम का कार्यानुभव होना भी आवश्यक है, जिसके प्रमाण के तौर पर संबंधित कार्यादेश अथवा संबंधित कागजात की छायाप्रति संलग्न करनी होगी।

6. सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन हेतु प्राप्त सभी प्रस्तावों को दिनांक 18.08.2017 को अपराह्न 01.30 बजे आयुक्त कार्यालय, पटना प्रमण्डल, पटना में खोला जायेगा, जिस समय प्रस्ताव समर्पित करने वाले व्यक्ति अथवा संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं तथा इसी दिन प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जायेगा।

7. संस्था द्वारा कलाकार/Celebrity performers के लिए (कलाकारों का मानदेय, आवागमन, खान–पान एवं रहने की व्यवस्था सहित) मूल दर (basic rate) ही प्रस्ताव के साथ समर्पित किया जायेगा। उक्त राशि पर भुगतेय GST का वहन एवं भुगतान श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति द्वारा किया जायेगा।

8. दशहरा महोत्सव–2017 के अवसर पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए निर्धारित अवधि अर्थात् 3 घंटा तक मुख्य कलाकार/सहायक कलाकार/वाद्य यंत्रों/आर्केस्ट्रा/म्युजिकल ग्रुप इत्यादि की मंच प्रस्तुति उपलब्ध कराने की पूर्ण जिम्मेवारी चयनित संस्था (Artist Manager) की ही होगी।

9. चयनित संस्था (Artist Manager) को कार्यालय आदेश प्राप्त होने के 20 दिन के अंदर GST निबंधन की प्रति संलग्न करनी होगी।

10. चयनित संस्था (Artist Manager) द्वारा दिये गये दर की कुल राशि पर आयकर (TDS) की कटौती करने के उपरांत भुगतान किया जायेगा।

11. इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए निम्नांकित दो मोबाईल नम्बर एवं लैण्डलाईन नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता है :–

8544429953, 9835698670, 0612–2219956

<u>**नोट**</u> :– प्रस्ताव को वेबसाईट–www.patnadivision.bih.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

आयुक्त के सचिव,
पटना प्रमण्डल, पटना–सह–प्रभारी पदाधिकारी,
श्री कृष्ण स्मारक विकास समिति, पटना।